अमर उजाला

Aligarh News: नकली दवा का हब बन रहा मेडिकल रोड, नकली एंटीबायोटिक बेचने वाला गिरफ्तार

अलीगढ़ में जेएन मेडिकल कॉलेज के बाहर जकरिया मार्केट की 38 नंबर दुकान जेएल फार्मेसी पर नामी कंपनी के नकली एंटीबायोटिक इंजेक्शन बेचने के मामले में एक आरोपी जावेद को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं पुलिस व औषधि विभाग के अनुसार जांच में उजागर हो रहा है कि मेडिकल रोड नकली दवा सिंडिकेट का हब बनता जा रहा है। इस पर गहराई से जांच शुरू की गई है ताकि अन्य आरोपियों तक पहुंचा जा सके।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/aligarh/medical-road-the-hub-of-fake-medicines-2026-04-27?src=top-subnav